**Series RSH/C**

कोड नं. **35**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **28** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40+36+15** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **28** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **40+36+15** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II
## SUMMATIVE ASSESSMENT – II
# वाणिज्य
# COMMERCE

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वाणिज्य COMMERCE | (i) | **वाणिज्य के तत्त्व** **Elements of Business** | *निर्धारित समय : 3 घण्टे* *Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 90* *Maximum Marks : 90* |
| | (ii) | **बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व** **Elements of Book-Keeping and Accountancy** | *निर्धारित समय : 3 घण्टे* *Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 90* *Maximum Marks : 90* |
| | (iii) | **टंकण (सिद्धान्त) अंग्रेजी/हिन्दी** **Typewriting (Theory) English/Hindi** | *निर्धारित समय : 2 घण्टे* *Time allowed : 2 hours* | *अधिकतम अंक : 30* *Maximum Marks : 30* |

*नोट :*

1. *निम्न में से कोई **एक** विषय लिया जा सकता है :*
   - *(i)* *वाणिज्य के तत्त्व ।*
   - *(ii)* *बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व ।*
   - *(iii)* *टंकण (सिद्धान्त) – अंग्रेजी **अथवा** हिन्दी ।*

2. *टंकण (सिद्धान्त) – अंग्रेजी **अथवा** हिन्दी के लिए (अधिकतम समय : 2 घंटे तथा अधिकतम अंक : 30) ।*

***Note :***

1. *Any **one** of the following areas can be offered :*
   - *(i)* *Elements of Business.*
   - *(ii)* *Elements of Book-Keeping and Accountancy.*
   - *(iii)* *Typewriting (Theory) English **or** Hindi.*

2. *For Typewriting (Theory) English **or** Hindi (Max. Time : 2 Hours and Max. Marks : 30).*

## (i) वाणिज्य के तत्त्व
## (i) Elements of Business

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस भाग में कुल **40** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक **1** अंक का है । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या **19** से **34** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **70** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या **35** से **40** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *एक प्रश्न के सभी भाग एक साथ ही करने हैं ।*

**General Instructions :**

*(i)* *This part has **40** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1** to **18** are Multiple Choice Questions carrying **1** mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

*(iv)* *Questions from serial no. **19** to **34** carry **3** marks each. Answers to such questions should not exceed **70** words.*

*(v)* *Questions from serial no. **35** to **40** carry **4** marks each. Answers to such questions should not exceed **150** words.*

*(vi)* *Attempt all parts of a question together.*

**1.** करेन्सी नोट निर्गमन का अधिकार किसे प्राप्त है ? *1*

(A) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

(B) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(C) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया

(D) उपर्युक्त सभी को

The authority to issue currency notes rests with

(A) Central Bank of India

(B) State Bank of India

(C) Reserve Bank of India

(D) All the above

**2.** कम्पनियाँ जन निक्षेप प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त करती हैं *1*

(A) जनता से

(B) कम्पनी के संचालकों से

(C) कम्पनी के अंशधारियों से

(D) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

Companies receive public deposits directly from

(A) The public

(B) The directors of the company

(C) The shareholders of the company

(D) None of the above

3. निम्नलिखित में से दीर्घकालीन वित्त कौन-सा है ? *1*

(A) बैंक से छः महीने का ऋण

(B) अंशों का निर्गमन

(C) बैंक अधिविकर्ष

(D) नकद जमा

Which of the following is a long term finance ?

(A) Loan from Bank for 6 months

(B) Issue of shares

(C) Bank overdraft

(D) Cash credit

4. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वामीगत कोष ***नहीं*** है ? *1*

(A) बोनस अंश

(B) अंश निर्गमन

(C) ऋणपत्र निर्गमन

(D) प्रतिधारित आय

Which of the following is ***not*** an owned fund ?

(A) Bonus shares

(B) Issue shares

(C) Issue of Debentures

(D) Retained earning

**5.** ऋणपत्रों का निर्गमन वित्तीय स्रोत है *1*

(A) निजी सीमित कम्पनी का

(B) संयुक्त पूँजी कम्पनी का

(C) साझेदारी फर्म का

(D) सहकारी समितियों का

Issue of debenture is a source of finance for

(A) Private Limited Company

(B) Joint Stock Company

(C) Partnership Firm

(D) Co-operative Societies

**6.** निम्नलिखित में से वित्त का आन्तरिक स्रोत कौन-सा *नहीं* है ? *1*

(A) प्रतिधारित आय

(B) पूर्वाधिकार अंशों का निर्गमन

(C) बन्धक पर ऋण

(D) पूँजी में पुनर्विनियोजन

Which is ***not*** the internal source of finance among the following ?

(A) Retained Earning

(B) Issue of Preference Shares

(C) Loan on Mortgage

(D) Ploughing back to Capital

**7.** निम्नलिखित में से वित्त का दीर्घकालीन स्रोत कौन-सा *नहीं* है ? *1*

(A) पट्टाधृति (लीजिंग) वित्त

(B) ऋणपत्र निर्गमन

(C) नकद साख

(D) बैंक से ऋण

Which of the following is ***not*** a source of long term finance ?

(A) Leasing Finance

(B) Issue of Debentures

(C) Cash credit

(D) Loan from Bank

8. ऐसा बाज़ार जहाँ अंशों तथा ऋणपत्रों का क्रय-विक्रय होता है, कहलाता है *1*

(A) फुटकर बाज़ार

(B) थोक बाज़ार

(C) स्कन्ध विपणि (शेयर बाज़ार)

(D) वस्तु बाज़ार

A market where shares and debentures are purchased and sold is called

(A) Retail Market

(B) Wholesale Market

(C) Stock Exchange

(D) Commodity Market

9. एक निजी सीमित कम्पनी पूँजी एकत्रित कर सकती है *1*

(A) जनता को अंश निर्गमन द्वारा

(B) ऋणपत्र निर्गमन द्वारा

(C) रिज़र्व बैंक से ऋण लेकर

(D) अपने सदस्यों के अभिदान द्वारा

A Private Limited Company can collect its capital through

(A) Issue of shares to the public

(B) Issue of debentures

(C) Loan from Reserve Bank

(D) Subscriptions made by its members

10. देनदार की स्वीकृति की आवश्यकता होती है *1*

(A) चैक की दशा में

(B) विनिमय-पत्र की दशा में

(C) प्रतिज्ञा-पत्र की दशा में

(D) हुण्डी की दशा में

Acceptance of the debtor is required in case of

(A) Cheque

(B) Bills of exchange

(C) Promissory Note

(D) Hundi

11. यह बैंक में खोले जाने वाला वह खाता है जो ग्राहक को अपनी रकम एक बार निश्चित अवधि के लिए जमा करने तथा परिपक्वता की तिथि पर वापस निकालने की सुविधा प्रदान करता है *1*

(A) बचत खाता

(B) रिकरिंग खाता

(C) स्थायी जमा खाता

(D) चालू खाता

It is that account opened with a Bank which provides to the customer the facility to deposit his/her money once for a fixed period and withdraw only on maturity

(A) Savings Bank A/c

(B) Recurring A/c

(C) Fixed deposit A/c

(D) Current A/c

**12.** एक चैक जो 1 मार्च, 2013 को निर्गमित किया गया, जिस पर 1 अगस्त, 2013 की तारीख लिखी हुई है, इसे कहेंगे *1*

(A) आगे की तारीख का चैक

(B) पीछे की तारीख का चैक

(C) विकृत चैक

(D) पुराना घिसा-पिटा चैक

A cheque issued on $1^{st}$ March, 2013 and bears a date of $1^{st}$ August, 2013 is called

(A) Ante dated cheque

(B) Post dated cheque

(C) Mutilated cheque

(D) Stale cheque

**13.** निम्नलिखित में से एक वाणिज्यिक बैंक का द्वितीयक कार्य कौन-सा है ? *1*

(A) जमा स्वीकार करना

(B) एजेन्सी कार्य

(C) विनिमय-पत्रों को बट्टे पर भुनाना

(D) ऋण देना

Which of the following is a secondary function of a Commercial Bank ?

(A) Accepting deposits

(B) Agency work

(C) Discounting Bills of Exchange

(D) Granting Loans

**14.** जो चैक बैंक की खिड़की पर प्रस्तुत करने वाले को देय होता है, कहलाता है *1*

(A) वाहक चैक

(B) विकृत चैक

(C) आदेश चैक

(D) रेखांकित चैक

A cheque which is payable to a person who presents at the counter of the Bank for payment, is called

(A) Bearer cheque

(B) Mutilated cheque

(C) Order cheque

(D) Crossed cheque

15. बैंकों द्वारा जमा रकम पर अधिकतम ब्याज दर देने वाले खाता है *1*

(A) बचत खाता

(B) रिकरिंग खाता

(C) मुद्दती जमा खाता

(D) चालू खाता

The account in which Banks allow interest at highest rate on deposits is

(A) Savings A/c

(B) Recurring A/c

(C) Fixed deposit A/c

(D) Current A/c

16. ग्राहकों द्वारा बैंक में रुपया जमा कराने के लिए प्रयोग में आने वाली पर्ची का नाम है *1*

(A) धन निकासी फार्म

(B) जमा की पर्ची

(C) ए.टी.एम.

(D) चैक (धनादेश)

A leaf by which the customers deposit their money in Bank is called

(A) Withdrawal Form

(B) Pay in slip

(C) ATM

(D) Cheque

17. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक व्यापारिक बैंक ***नहीं*** है ? *1*

(A) पंजाब नेशनल बैंक

(B) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

(C) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया

(D) कैनारा बैंक

Which of the following banks is ***not*** a Commercial Bank ?

(A) Punjab National Bank

(B) Union Bank of India

(C) Reserve Bank of India

(D) Canara Bank

**18.** चैक की सबसे सुरक्षित स्थिति होती है *1*

(A) धारक चैक

(B) केवल प्राप्तकर्ता के खाते में

(C) अहस्तान्तरणीय केवल प्राप्तकर्ता के खाते में

(D) रेखांकित चैक

Safest form of a cheque is

(A) Bearer cheque

(B) A/c Payee only

(C) Not negotiable, A/c Payee only

(D) Crossed cheque

**19.** एक व्यवसाय की तरल (फ्लोटिंग) पूँजी को निर्धारित करने वाले किन्हीं तीन घटकों की संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए । *3*

Explain in brief any three factors determining the floating capital of a business.

**20.** ऋण पूँजी तथा स्वामीगत पूँजी के बीच कोई तीन अन्तर बताइए । *3*

Give any three differences between loan capital and owned capital.

**21.** अंशों को परिभाषित कीजिए तथा समता अंशों की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3*

Define shares and explain any two characteristics of Equity Shares.

**22.** ऋणपत्र क्या है ? सुरक्षित ऋणपत्रों तथा असुरक्षित ऋणपत्रों के बीच कोई दो अन्तर बताइए । *3*

What is debenture ? State any two differences between secured debentures and unsecured debentures.

**23.** स्कन्ध विपणि (शेयर बाज़ार) की प्रकृति के किन्हीं तीन बिन्दुओं की संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए । *3*

Explain in brief any three points of nature of Stock Exchange.

**24.** देशी बैंक तथा औद्योगिक विकास बैंक के अर्थ समझाइए । *3*

Explain the meaning of Indigenous Bank and Industrial Development Bank.

**25.** व्यावसायिक बैंकों के किन्हीं तीन लक्षणों को समझाइए । *3*

Explain any three features of the Commercial Banks.

**26.** बहुविकल्प जमा खाता क्या है ? बहुविकल्प खाते की कोई चार विशेषताएँ बताइए । *3*

What is multiple option Deposit Account ? Give its any four characteristics.

**27.** भारत में कार्यरत बैंकों के प्रकार बताइए । *3*

State the types of Banks working in India.

**28.** किन्हीं तीन वर्जित अथवा निषिद्ध क्रियाओं को समझाइए जिनका निष्पादन रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया नहीं कर सकती । *3*

Explain any three prohibited or forbidden activities which cannot be performed by the Reserve Bank of India.

**29.** क्रेडिट कार्ड के अर्थ एवं उपयोग को समझाइए । *3*

Explain the meaning and use of Credit Card.

**30.** एक विनिमय-पत्र के तिरस्कृत होने से क्या अर्थ होता है ? एक विनिमय बिल के तिरस्कृत होने पर बिल तैयारकर्ता (लेखक) द्वारा उठाए गए सम्भव कदमों की व्याख्या कीजिए । *3*

What is meant by dishonouring of a bill of exchange ? What are the possible steps which can be taken by a drawer in case of a dishonoured bill of exchange ?

**31.** बैंक ड्राफ्ट क्या है ? एक चैक की अपेक्षा बैंक ड्राफ्ट द्वारा किए गए भुगतान को उत्तम क्यों समझा जाता है ? समझाइए । *3*

What is Bank draft ? Why does the payment made by a Bank draft is considered better than the payment made by a cheque ? Explain.

**32.** विनिमय-पत्र क्या है ? विनिमय-पत्र की किन्हीं चार विशेषताओं को बताइए । *3*

What is a Bill of Exchange ? State any four characteristics of a Bill of Exchange.

33. बेचान की परिभाषा दीजिए । एक चैक के बेचान करने के कोई दो उदाहरण दीजिए । *3*

Define endorsement. Give any two examples of endorsement of a cheque.

34. प्रतिज्ञा-पत्र तथा हुण्डी में कोई तीन अन्तर बताइए । *3*

Give any three differences between Hundi and a Promissory Note.

35. बैंक में धन कितनी विधियों से जमा किया जा सकता है तथा कितनी विधियों से निकाला जा सकता है ? समझाइए । *4*

In how many ways can money be deposited in a bank and how can it be withdrawn in each case ? Explain.

36. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए : *4*

(i) सहायतार्थ बिल

(ii) मूल्यानुसार धारक

(iii) बिल का कटौती पर भुनाना

(iv) अनुग्रह दिवस

Explain the following :

(i) Accommodation Bill

(ii) Holder for value

(iii) Discounting a Bill

(iv) Days of grace

37. समता अंशों के कोई चार दोष समझाइए । *4*

Explain any four limitations of Equity Shares.

38. पूर्वाधिकार अंशों के चार वर्गीकरणों को समझाइए । *4*

Explain four classifications of Preference Shares.

39. व्यापार साख क्या है ? व्यापार साख के कोई तीन लक्षण समझाइए । *4*

What is Trade Credit ? Explain any three features of Trade Credit.

40. डाकघर बचत बैंक खाता क्या होता है ? एक डाकघर में बचत बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया बताइए । *4*

What is Post Office Savings Bank Account ? State the procedure of opening Savings Bank Account in a Post Office.

## (ii) बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व

## (ii) Elements of Book-Keeping and Accountancy

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस भाग में कुल **36** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक **एक** अंक का है । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है ।*

*(iv)* *एक प्रश्न के सभी भाग एक साथ ही करने हैं ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This part has **36** questions in all.*

*(ii)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1 to 18** are Multiple Choice Questions carrying **one** mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

*(iv)* *Attempt all parts of a question together.*

**1.** एक विनिमय-पत्र पर घटौती (रिबेट) लेना दर्शाती है कि *1*

(A) विनिमय-पत्र का भुगतान परिपक्वता तिथि से पहले हो गया

(B) विनिमय-पत्र का भुगतान परिपक्वता तिथि के बाद हुआ

(C) विनिमय-पत्र तिरस्कृत हो गया

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Availing of the rebate on a bill shows that

(A) the bill has been paid before the date of maturity

(B) the bill has been paid after the date of maturity

(C) the bill has been dishonoured

(D) None of the above

2. देय विपत्र बही अंग होती है *1*

(A) खाता-बही का

(B) रोज़नामचा का

(C) तलपट का

(D) रोकड़ बही का

Bills Payable Book is a part of

(A) Ledger

(B) Journal

(C) Trial Balance

(D) Cash Book

3. विनिमय-पत्र स्वीकार किए जाते हैं *1*

(A) लेनदार द्वारा

(B) बैंक द्वारा

(C) देनदार द्वारा

(D) बेचानकर्ता द्वारा

Bills of Exchange are accepted by

(A) Creditor

(B) Bank

(C) Debtor

(D) Endorser

4. जब विनिमय-पत्र को भुगतान तिथि से पूर्व घटौती पर वापस किया जाता है, तो भुगतान प्राप्तकर्ता की पुस्तकों में खातों के नाम किया जाता है *1*

(A) प्राप्त विपत्र खाता

(B) रोकड़ खाता तथा घटौती खाता

(C) केवल रोकड़ खाता

(D) केवल बट्टा खाता

While retiring a bill under rebate the accounts to be debited in the books of payee are

(A) Bills Receivable A/c

(B) Cash A/c and Rebate A/c

(C) Only Cash A/c

(D) Only Discount A/c

**5.** जब बट्टे पर भुनाये हुए विनिमय-पत्र का तिरस्कार हो जाता है, तो बैंक की पुस्तकों में नाम खाता लिखा जाता है *1*

(A) स्वीकारकर्ता खाता के

(B) लेखक खाता के

(C) प्राप्त विपत्र खाता के

(D) देय विपत्र खाता के

When a discounted Bill is dishonoured, the A/c to be debited on Bank's book is called

(A) Drawee's A/c

(B) Drawer's A/c

(C) Bills Receivable A/c

(D) Bills Payable A/c

**6.** एक बिल पर स्वीकृति की तिथि 1 जनवरी, 2012 है । बिल 3 महीने की अवधि के लिए है । भुगतान तिथि होगी *1*

(A) 1 अप्रैल, 2012

(B) 2 अप्रैल, 2012

(C) 3 अप्रैल, 2012

(D) 4 अप्रैल, 2012

The date of acceptance on a bill is $1^{st}$ January, 2012. The bill is for a period of 3 months. The date of maturity will be

(A) $1^{st}$ April, 2012

(B) $2^{nd}$ April, 2012

(C) $3^{rd}$ April, 2012

(D) $4^{th}$ April, 2012

7. एक विनिमय-पत्र में प्रायः पाए जाने वाले पक्ष होते हैं *1*

(A) दो पक्ष

(B) तीन पक्ष

(C) चार पक्ष

(D) इनमें से कोई नहीं

A Bill of Exchange generally has

(A) Two Parties

(B) Three Parties

(C) Four Parties

(D) None of them

8. ₹ 3,000 मूल्य के माल का उपयोग स्वामी के गृह उपयोग के लिए बनाई गई एक सम्पत्ति में हुआ, नाम में लिखा जाना चाहिए *1*

(A) सम्पत्ति खाता

(B) पूर्तिकर्ता खाता

(C) क्रय खाता

(D) स्वामी का व्यक्तिगत खाता

Goods worth ₹ 3,000 were used in making an asset for domestic use of the Proprietor, should be debited to

(A) Asset A/c

(B) Supplier's A/c

(C) Purchase A/c

(D) Proprietor's Personal Account

9. उचन्ति खाता को जो तलपट में जमा शेष दिखला रहा है, लिखा जाएगा *1*

(A) स्थिति विवरण की सम्पत्तियों में

(B) स्थिति विवरण की देनदारियों में

(C) लाभ-हानि खाते के जमा में

(D) उपर्युक्त में से कहीं नहीं

Suspense A/c shown in the Trial Balance as Credit Balance will be entered on the

(A) Assets side of the Balance Sheet

(B) Liabilities side of the Balance Sheet

(C) Profit and Loss A/c credit side

(D) None of the above

10. एक पुरानी मशीन के कायाकल्प (पूर्ण मरम्मत) व्यय को नाम में लिखा जाना चाहिए *1*

(A) मरम्मत खाते में

(B) मशीन खाते में

(C) श्रमिक के व्यक्तिगत खाते में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Overhauling charges of an old Machine should be debited to

(A) Repairs A/c

(B) Machinery A/c

(C) Personal A/c of the labourer

(D) None of the above

11. एक पुरानी टाइपराइटर जो कार्यालय में उपयोग हुई थी, बेच दी गई । खाता जमा होगा *1*

(A) क्रय खाता

(B) पूँजी खाता

(C) विक्रय खाता

(D) टाइपराइटर खाता

Sale of an old Typewriter that has been used in the office, should be credited to

(A) Purchases A/c

(B) Capital A/c

(C) Sales A/c

(D) Typewriter A/c

12. एक विक्रयकर्ता को कमीशन के रूप में ₹ 500 का भुगतान, उसके व्यक्तिगत खाते के नाम में लिखा गया । अशुद्धि के सुधार की प्रविष्टि में जमा किया जाना चाहिए *1*

(A) रोकड़ खाते में

(B) कमीशन खाते में

(C) विक्रयकर्ता के व्यक्तिगत खाते में

(D) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

Commission to a salesman paid ₹ 500 was debited to Salesman's personal A/c. In rectifying entry the account to be credited should be

(A) Cash A/c

(B) Commission A/c

(C) Salesman's personal A/c

(D) None of the above

13. क्रय वापसी बही का योग ₹ 2,000 अधिक लगाया गया । सुधार प्रविष्टि में क्रय वापसी खाते में 1

(A) जमा होगा ₹ 2,000

(B) नाम होगा ₹ 2,000

(C) जमा होगा ₹ 4,000

(D) नाम होगा ₹ 4,000

Purchase Returns Book was over cash by ₹ 2,000. In rectifying entry the Purchase Return Account will be

(A) Credited by ₹ 2,000

(B) Debited by ₹ 2,000

(C) Credited by ₹ 4,000

(D) Debited by ₹ 4,000

14. स्थायी सम्पत्तियों के अप्रचलित होने का कारण होता है 1

(A) सम्पत्तियों का भौतिक उपयोग या टूट-फूट

(B) सम्पत्तियों के बाज़ार मूल्य में गिरावट

(C) मुद्रा अवमूल्यन

(D) व्यवसाय का विक्रय

Obsolescence arises in fixed assets due to

(A) Physical Tear and wear of the Assets

(B) Fall in market value of an Assets

(C) Fall in the value of money

(D) Sale of business

15. सम्पत्तियों पर ह्रास काटने की घटती किश्त पद्धति में ह्रास की राशि 1

(A) प्रति वर्ष बढ़ती है

(B) प्रति वर्ष घटती है

(C) प्रति वर्ष स्थायी रहती है

(D) इनमें से कोई नहीं है

Under diminishing balance method of charging depreciation on assets the amount of depreciation

(A) Increases every year

(B) Decreases every year

(C) Remains constant every year

(D) None of these

16. स्थायी किश्त पद्धति में सम्पत्ति पर ह्रास की राशि की गणना की जाती है, घटाने के बाद *1*

(A) स्थापन व्यय

(B) अवशेष मूल्य

(C) क्रय पर दिया गया कमीशन

(D) इनमें से कोई नहीं

Under Fixed Instalment method depreciation is calculated on the Asset after deducting the

(A) Installation charges

(B) Scrap value

(C) Commission paid on purchases

(D) None of these

17. एक मशीन 1 जनवरी, 2011 को ₹ 10,000 में क्रय की गई जिसका अवशेष मूल्य ₹ 1,000 तथा उपयोगी जीवनकाल 5 वर्ष था । मशीनरी खाते में 01-01-2013 को शेष होगा *1*

(A) ₹ 8,200

(B) ₹ 8,000

(C) ₹ 10,000

(D) ₹ 6,400

A Machine which was purchased on $1^{st}$ January, 2011 for ₹ 10,000. Its scrap value was ₹ 1,000 and useful life was 5 years. The balance in Machinery A/c on 01-01-2013 will be

(A) ₹ 8,200

(B) ₹ 8,000

(C) ₹ 10,000

(D) ₹ 6,400

18. मशीनरी के विक्रय से हुए लाभ को स्थानान्तरित किया जाता है 1

(A) मशीनरी खाते में
(B) लाभ-हानि खाते में
(C) ह्रास खाते में
(D) संचय खाते में

Profit on sale of Machinery is transferred to
(A) Machinery A/c
(B) Profit and Loss A/c
(C) Depreciation A/c
(D) Reserve A/c

19. एक प्रतिज्ञा-पत्र में पाए जाने वाले पक्षों के नाम बताइए तथा उदाहरण सहित समझाइए । 3

Name and explain with example the parties of a Promissory Note.

20. निम्नलिखित दशाओं में एक लेखक द्वारा बिल की अपनी पुस्तकों में क्या रोज़नामचा प्रविष्टियाँ की जाएँगी ? 3

(i) परिपक्वता तिथि तक बिल को अपने पास रखा जाता है तथा समय पर भुगतान प्राप्त कर लिया जाता है
(ii) जब बैंक से बट्टे पर बिल को भुना लिया जाता है
(iii) परिपक्वता तिथि तक बिल को अपने पास रखा जाता है परन्तु उसका भुगतान प्राप्त नहीं होता

What Journal Entries will be passed by the drawer of a bill in his books in the following cases ?
(i) The bill is retained till due date and encashed on maturity
(ii) The bill is discounted with his Bank
(iii) The bill is retained till due date but its payment is not received

21. निम्नलिखित के लिए लेखक की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :
राकेश की गोविन्द के लिए ₹ 5,000 की स्वीकृति जिसकी भुगतान तिथि आज थी, का 6% वार्षिक की दर से ब्याज लगाकर 3 माह के लिए नवीनीकरण कर दिया गया । 3

Pass necessary Journal entries in the books of the Drawer for the following :

Rakesh's acceptance to Govind for ₹ 5,000 due today was renewed along with interest @ 6% per annum for 3 months.

**22.** क्षतिपूरक अशुद्धियों का अर्थ समझाइए । ऐसी अशुद्धियों के कोई दो उदाहरण दीजिए । *3*

Explain the meaning of compensating errors. Give any two examples of such errors.

**23.** ऐसी किन्हीं तीन अशुद्धियों के उदाहरण दीजिए जो तलपट तैयार करने से भी ज्ञात नहीं होती । *3*

Give three examples of any such errors which are not located by the preparation of Trial Balance.

**24.** ह्रास, रिक्तीकरण तथा परिशोधन के अर्थ उदाहरण सहित समझाइए । *3*

Explain the meaning of Depreciation, Depletion and Amortization with examples.

**25.** सम्पत्तियों पर ह्रास काटने के किन्हीं तीन लाभों को समझाइए । *3*

Explain any three advantages of charging depreciation on assets.

**26.** ह्रास की गणना को प्रभावित करने वाले तीन घटकों की व्याख्या कीजिए । *3*

Explain three factors affecting the calculation of depreciation.

**27.** विनिमय-पत्र क्या होता है ? एक विनिमय-पत्र की किन्हीं तीन विशेषताओं को प्रस्तुत कीजिए । *4*

What is Bill of Exchange ? Give any three characteristics of a Bill of Exchange.

**28.** निम्नलिखित के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) अन्तिम रहतिये को गत वर्ष ₹ 5,000 से कम दिखाया गया था ।

(ii) विनियोगों पर अप्राप्त (उपार्जित) ब्याज ₹ 3,000 है ।

Pass the necessary Journal entries for the following :

(i) Last year the closing stock was under cash by ₹ 5,000.

(ii) Interest accrued on Investments is ₹ 3,000.

**29.** निम्नलिखित अशुद्धियों का सुधार कीजिए जिनका पता तलपट तैयार करने से पहले ही चल गया है : *4*

(i) ₹ 8,000 का स्वामी के व्यक्तिगत बीमा प्रीमियम भुगतान का लेखा बीमा खाते में किया गया ।

(ii) क्रय बही की पृष्ठ संख्या 22 का योग ₹ 3,520 के स्थान पर ₹ 3,250 अगले पृष्ठ पर लिखा गया ।

(iii) भवन निर्माण की मज़दूरी भुगतान ₹ 20,000 मज़दूरी खाते के नाम लिखे गए ।

(iv) विक्रय बही का योग ₹ 1,20,000 के स्थान पर ₹ 3,20,000 दिखाया गया ।

Rectify the following errors which have been detected before the preparation of Trial Balance :

(i) ₹ 8,000 paid for proprietor's personal insurance were wrongly debited to Insurance A/c.

(ii) Purchases book total on page 22 ₹ 3,520 was carried forward to next page as ₹ 3,250.

(iii) Wages paid for construction of building was debited to Wages A/c as ₹ 20,000.

(iv) Total of sales book was shown as ₹ 3,20,000 instead of ₹ 1,20,000.

**30.** उचन्ति खाता का क्या अर्थ होता है ? यह कब खोला जाता है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइए । *4*

What is meant by Suspense Account ? When is it opened ? Explain with suitable examples.

**31.** ऐसी किन्हीं चार अशुद्धियों को समझाइए जो तलपट के अनुबंध को प्रभावित करती हैं । *4*

Explain any four such errors which affect the agreement of Trial Balance.

**32.** स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास काटे जाने की स्थाई किश्त पद्धति तथा घटती किश्त पद्धति में कोई चार अन्तर बताइए । *4*

Give any four differences between straight line method and written down value method of charging depreciation on Fixed Assets.

**33.** प्रतिज्ञा-पत्र तथा विनिमय-पत्र में अन्तर्भेद कीजिए तथा एक प्रतिज्ञा-पत्र का नमूना दीजिए । *6*

Distinguish between a Promissory Note and a Bill of Exchange and give specimen of a Promissory Note.

**34.** अक्षय ने भावना पर एक बिल 3 महीने की अवधि का ₹ 5,000 का लिखा । भावना से स्वीकृति प्राप्त करने पर अक्षय ने इस बिल को चेतना के नाम बेचान कर दिया । भुगतान तिथि पर बिल अनादृत हो गया और चेतना ने ₹ 50 नोटिंग चार्ज़ेज के दिए । अक्षय, भावना तथा चेतना की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेन के लिए रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

Akshay draws a bill of ₹ 5,000 on Bhawna for 3 months. On getting Bhawna's acceptance, he endorses it to Chetna. On due date (maturity) the bill is dishonoured, noting charges ₹ 50 were paid by Chetna. Pass journal entries in the books of Akshay, Bhawna and Chetna for the above transactions.

35. निम्नलिखित अशुद्धियों के सुधार के लिए उचन्ति खाते की सहायता से सुधारात्मक आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : 6

(i) विक्रय बही का योग ₹ 2,000 अधिक लगाया गया ।

(ii) मानवी को ₹ 550 उधार विक्रय का लेखा उसके खाते में ₹ 5,500 से किया गया ।

(iii) क्रय बही के योग में ₹ 8,800 अधिक लिखे गए ।

(iv) क्रय वापसी बही का योग ₹ 1,120 के स्थान पर ₹ 1,220 लिखा गया ।

For the rectification of the following errors with the help of the Suspense A/c pass necessary Journal entries :

(i) Total of the sales book was over cash by ₹ 2,000.

(ii) Credit sale of ₹ 550 to Manvi was posted in her A/c as ₹ 5,500.

(iii) Total of Purchase Book was over cash by ₹ 8,800.

(iv) The total of Purchase Returns Book was carried forward as ₹ 1,220 instead of ₹ 1,120.

36. 1 अप्रैल, 2010 को एक मशीनरी का क्रय ₹ 1,80,000 में किया गया । ह्रास 10% वार्षिक की दर से घटती किश्त पद्धति से लगाया जाता है । 1 जुलाई, 2012 को मशीनरी का $\frac{1}{4}$ भाग ₹ 36,000 में बेच दिया गया । 2010 से 2012 तक का मशीनरी खाता तैयार कीजिए, यदि प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर को खाते बन्द किए जाते हैं । 6

A Machinery was purchased for ₹ 1,80,000 on $1^{st}$ April, 2010. Depreciation was charged annually @10% per annum on diminishing balance method. $\frac{1}{4}^{th}$ of this Machinery was sold for ₹ 36,000 on $1^{st}$ July, 2012. Prepare Machinery A/c from 2010 to 2012 if the books are closed on $31^{st}$ December every year.

## (iii) टंकण (सिद्धान्त) अंग्रेजी/हिन्दी

## (iii) Typewriting (Theory) English/Hindi

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *इस भाग में कुल **15** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या **1** से **6** तक के प्रश्न बहुत छोटे उत्तर वाले हैं और प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या **7** से **12** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इनके उत्तर छोटे होने चाहिए और **60** शब्द प्रति प्रश्न से अधिक के नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या **13** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This part has **15** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1** to **6** are very short answer questions and each question carry **1** mark.*

*(iv)* *Questions from serial no. **7** to **12** carry **2** marks each. Answer of these questions should be short answer type and should not exceed **60** words.*

*(v)* *Questions from serial no. **13** to **15** carry **4** marks each. Answers to such questions should not exceed **120** words.*

**1.** निम्न के लिए की-बोर्ड शॉर्टकट बताइए : *1*

(i) डॉक्यूमेन्ट की अनुकृति (कॉपी) तैयार करो

(ii) डॉक्यूमेन्ट को सुरक्षित (सेव) करो

Give keyboard shortcuts for the following :

(i) Copy the document

(ii) Save the document

**2.** एक स्प्रेडशीट में A1 : C3 रेंज में कितनी (पंक्तियाँ) होंगी ? *1*

How many rows will be there in the range A1 : C3 in a spreadsheet ?

**3.** टाइपराइटिंग में गति की गणना करने के लिए कितने स्ट्रोक्स 40 शब्दों के बराबर होंगे ? *1*

How many strokes will be equal to 40 words for the purpose of calculating the speed in typewriting ?

9. तीव्र गति से टाइप करते समय सामान्यतः की जाने वाली कोई चार अशुद्धियाँ बताइए । *2*

Mention any four errors generally committed while typing at a high speed.

10. एक उदाहरण की सहायता से टंकण (टाइपराइटिंग) की गति की गणना करने की विधि समझाइए । *2*

Explain with the help of an example the method of calculating the typewriting speed.

11. एक प्रूफ वाचक में क्या ज्ञान व योग्यता होनी चाहिए ? *2*

What knowledge and ability should a Proof Reader have ?

12. निम्नलिखित प्रूफ संशोधन चिह्नों का प्रयोजन समझाइए : *2*

(i) ₰

(ii) Stet

(iii) trs.

(iv) ⁐

Explain the purpose of the following punctuation signs :

(i) ₰

(ii) Stet

(iii) trs.

(iv) ⁐

13. स्प्रेडशीट से एक वर्ड प्रोसेसिंग डॉक्यूमेन्ट में आँकड़ों की अनुकृति (डॉटा कॉपी) तैयार करने की प्रक्रिया समझाइए । *4*

Explain the process for Copying Data from Spreadsheet into a Word Processing document.

14. टाइपराइटिंग में गति व शुद्धता प्राप्त करने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? *4*

What should be done to attain accuracy and speed in typewriting ?

**15.** दिए गए संशोधनों को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित को टाइप कीजिए : *4*

ch Heading ← (हिन्दु - सनातन धर्म)

प्राणी सभी जीव सुखी हों, निरोगी हों, चारों ओर
Cl शुभ ही शुभ हो और कोई दुखी न रहे। हमारे
# कान केवल मंगल ध्वनि ही सुनें, हमारी आँखें केवल
Stet सौन्दर्य ही देखें और आपका गुणगान करते हुए
[illegible] स्वस्थ और बलिष्ठ शरीर से जीवन यापन करें। (यत्र)
N.P. सर्वत्र शान्ति हो। [ हे प्रभु मुझे असत्य से सत्य
की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर तथा मृत्यु से
ऊर्जावान अमरत्व की ओर ले चलो। हम सब मिलकर ओजस्वी
कार्य करें। हमारा अध्ययन ज्ञानमय तथा फलदायी
Trs हो। घृणा न करें (3) हम (1) कभी परस्पर (2) और
शान्ति पूर्वक रहें। जीओ और जीने दो की नीति पर चलें।

अथवा

**OR**

Type the following incorporating the corrections as indicated :

| | |
|---|---|
| ctr. | Occupational Hazard |
| | Rise of the internet and desk based |
| | jobs have been blamed for the latest in a line |
| stet, | of joint ailments dubbed as 'Office knee', a U.K. |
| | Study has found. |
| run on | Researchers found that more than a |
| | quarter of workers in UK are Suffering from |
| | painful joints and doctors have attributed this |
| d/ | to rising rising levels of obesity and desk-based |
| # N.P. | jobs across allage groups. // Those over the age of |
| | 55 suffer the most, with one in ten questioned |
| = Caps. | Claiming they are in Constant pain, the "daily Mail" |
| | reported. |
| | Almost a quarter of 1600 workers aged |
| trs. | 16 to 65 (they said that) have been living with |
| | pain for up to two years. |